भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 794
26 जुलाई, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

एकीकृत वैक्सीन कॉम्प्लेक्स

794. **श्री राजा राम सिंह:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) चेन्नई के चेंगलपट्टू में सार्वजनिक क्षेत्र के अत्याधुनिक वैक्सीन विनिर्माण केंद्र, एकीकृत वैक्सीन कॉम्प्लेक्स के उत्पादन की स्थिति क्या है;

(ख) क्या सरकार ने कोविड महामारी के दौरान भारत में कोविड-19 टीकों के उत्पादन के लिए चेंगलपट्टू में एकीकृत बैक्सीन कॉम्प्लेक्स स्थापित करने पर विचार किया था और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) देश के टीकाकरण कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए चेंगलपट्टू में एकीकृत वैक्सीन कॉम्प्लेक्स को सुदृढ़ बनाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए/उठाए जाने का विचार है; और

(घ) क्या सरकार के पास देश में सार्वजनिक क्षेत्र के वैक्सीन उत्पादन को बढ़ाने के लिए कोई रूपरेखा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क): भारत सरकार ने मई, 2012 में चेंगलपट्टू में एक एकीकृत वैक्सीन कॉम्प्लेक्स (आईवीसी) परियोजना एचएलएल बायोटेक लिमिटेड (एचबीएल) की स्थापना के लिए अनुमोदन प्रदान किया था। हालांकि, परियोजना निर्धारित समय के भीतर लागू नहीं हो सकी और इसके परिणामस्वरूप इसकी लागत में काफी वृद्धि हुई। वैक्सीन विनिर्माण के लिए एचबीएल को प्रचालनशील बनाने हेतु विभिन्न विकल्पों की खोज करने के प्रयास भी किए गए परंतु कोई ठोस परिणाम नहीं मिला।

(ख) और (ग): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने संयंत्र को प्रचालनशील करने के लिए कई कदम उठाए और फरवरी, 2021 में आईवीसी के प्रचालन के लिए कार्यनीतिक भागीदारों को खोजने के लिए हित की अभिव्यक्ति जारी की थी। दिनांक 26 मार्च, 2021 को कोविड वैक्सीन के उत्पादन के लिए एचबीएल सुविधाकेंद्रों के उपयोग के लिए उपयोगकर्ता के चयन के लिए "जैसा है, जहां है" के आधार पर ई-टेंडर-सह-नीलामी प्रकाशित की गई थी। हालाँकि कुछ कंपनियों ने आरंभ में रुचि दिखाई थी, परंतु उन्होंने बोली प्रक्रिया में भाग नहीं लिया।

(घ): मंत्रालय के अधीन स्वायत्तशासी निकाय, पाश्चर इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (पीआईआई), कुन्नूर में डीपीटी समूह के वैक्सीन के उत्पादन की मौजूदा वार्षिक प्रतिष्ठापित क्षमता को 85 मिलियन खुराक से बढ़ाकर 130 मिलियन खुराक किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, भारत सरकार ने कोयंबटूर में एक नई वायरल वैक्सीन विनिर्माण इकाई की स्थापना के लिए आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय से 30 एकड़ भूमि आवंटित की है।

*****